# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 03 मई 2024, शुक्रवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सांगली में जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**नकली शिवसेना के अध्यक्ष हैं उद्धव ठाकरे जिन्हें वीर सावरकर का नाम लेने में शर्म आती है**

*****************

**सीएम बनने के लालच में उद्धव ठाकरे धारा 370 हटाने का विरोध करने वाली कांग्रेस और शरद पवार से मिल गए**

*****************

**उद्धव ठाकरे जय शिवाजी और जय भवानी का नारा लगाते हुए डरते हैं**

*****************

**इंडी अलायंस अब औरंगजेब का फैन क्लब बन चुका है**

*****************

**ये चुनाव वोट फॉर जिहाद और वोट फॉर विकास के बीच है**

*****************

**कांग्रेस और शरद पवार का वोट बैंक जो समुदाय था वो अब उद्धव ठाकरे का है**

*****************

**शरद पवार जवाब दें कि एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल क्यों बंद हुई**

*****************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को महाराष्ट्र के रत्नागिरी और सांगली में जनसभाओं को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में विगत एक दशक में हुए जन-कल्याणकारी और विकास कार्यों की सराहना की। श्री शाह ने कांग्रेस पार्टी और शरद पवार की तुष्टीकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर बावनकुले, रत्नागिरी-सिंदुदुर्ग लोकसभा उम्मीदवार श्री नारायण राणे, श्री नितेश राणे, श्री नीलेश राणे एवं सांगली से लोकसभा प्रत्याशी श्री संजयकाका पाटील सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने रत्नागिरी की एतिहासिक धरती पर हुए श्री वीर सावरकर जैसे वीरों का बखान करते हुए महाराष्ट्र की धरती को नमन किया। आगे श्री शाह ने उद्धव ठाकरे को धिक्कारते हुए कहा कि अगर वह अपने भाषण में वीर सावरकर का नाम नहीं शामिल कर सकते, तो वह सही मायने में शिवसेना नहीं चला सकते क्योंकि असली शिवसेना तो श्री एकनाथ शिंदे चला रहे हैं। श्री शाह ने **महाराष्ट्र की जनता से देश को विकसित बनाने हेतु माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बात देश की बागडोर सौंपने की अपील की।** माननीय प्रधानमंत्री जी को तीसरी बार प्रतिनिधि के रूप में चुनने का अर्थ है देश को सुरक्षित और समृद्ध करना।

आदरणीय श्री शाह ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कश्मीर और महाराष्ट्र के रिश्ते पर प्रश्न खड़े करते हैं, लेकिन खड़गे को ये नहीं पता कि रत्नागिरी- सिंधुदुर्ग सहित पूरे महाराष्ट्र का एक-एक युवा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है। **शरद पवार और कांग्रेस सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के चलते 70 वर्षों तक धारा 370 को अनाथ बच्चे के तरह पाल रखा था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को सदा के लिए भारत का अभिन्न अंग बनाया है।** उस समय विपक्षी दलों द्वारा इस मुद्दे का जमकर विरोध किया गया था और कांग्रेस नेता राहुल गांधी कहते थे कि धारा 370 को हटाया तो देश में खून की नदियां बह जाएगी, खून की नदियां तो छोड़िए किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दृढ़ निश्चय और साहसी कदम के चलते ही आज कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा लहराने का संकल्प पूरा हुआ है।**

भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री शाह ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए सवाल पूछा कि उन्हें मुख्यमंत्री पद चाहिए या धारा 370 के संरक्षक कांग्रेस और एनसीपी की शरण में जाना पसंद है? **महाराष्ट्र की जनता को भी समझना चाहिए कि जो (उद्धव ठाकरे) अपनी गद्दी बचाने के लिए शरद पवार और राहुल गांधी की शरण में जाए, वह महाराष्ट्र का गौरव नहीं संभाल सकते।** सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह की सरकार में आए दिन देश में आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति के कारण कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक कर 10 दिन के अंदर उरी और पुलवामा का जवाब दिया और आतंकवाद का सफाया किया। **छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद 19 नक्सलवादी मारे गए, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने इसे भी फेक एनकाउंटर बताकर जनता को भ्रमित किया।** कांग्रेस पार्टी और शरद पवार ने 70 सालों तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा लेकिन श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के 5 वर्षों के भीतर फैसला भी आया, भूमि पूजन भी हो गया और आज भव्य राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में तीन तलाक को समाप्त कर महिलाओं के सम्मान को सुरखित करने का कार्य किया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में हर रोज बम धमाके करने वाले पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया। **माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने देश में धारा 370 को समाप्त किया, राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त किया, तीन तलाक समाप्त और पीएफआई पर  लगाया और देश में यूसीसी लाकर मुस्लिम पर्सनल लॉ को समाप्त करने का कार्य किया।**

माननीय श्री शाह ने कहा कि **उद्धव ठाकरे को जवाब देना होगा कि क्या वे तीन तलाक, मुस्लिम पर्सनल लॉ, धारा 370 हटाना चाहते हैं या इसे कायम रखना चाहते हैं, आतंकवाद को खत्म करना चाहते हैं या वोटबैंक की बिरयानी खाना चाहते हैं।** बाल साहेब की विरासत ऐसे ही नहीं मिल सकती आपको क्योंकि विरासत तो श्री एकनाथ शिंदे और राज ठाकरे के पास ही रह गई। **महाराष्ट्र का चुनाव यह तय करेगा कि असली शिव सेना कौन है**। इंडी गठबंधन एक प्रकार से औरंगजेब फैन क्लब बन गया है। औरंगाबाद का नाम बदलने पर भी विपक्ष ने विरोध किया था। **औरंगाबाद का नाम संभाजी के नाम से श्रद्धेय बाला साहेब ठाकरे ने रखा था जिसको भाजपा और श्री एकनाथ शिंदे की शिव सेना ने जमीनी स्तर पर लागू किया है**। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में गरीब कल्याण के कई कार्य किए हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 60 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज निःशुल्क देने का काम किया है। 14 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया, 11 करोड़ माताओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए गए, पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ घरों का निर्माण करवाया और 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए तक का इलाज निःशुल्क देने का काम किया है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 130 करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन के दोनों टीके लगवाकर उनकी सुरक्षा करने का काम किया है।** लेकिन कांग्रेस इसमे भी राजनीति करने से पीछे नहीं रही। कांग्रेस का कहना था कि यह मोदी टीका है इसे मत लगवाओ। एक ओर '*वोट फॉर जिहाद*' की बात करने वाले लोग हैं और दूसरी ओर वोट फॉर विकास की बात करने वाले लोग हैं, एक तरफ अपने परिवार का कल्याण की बात करने वाले लोग हैं और दूसरी तरफ

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के विकास की बार करने वाले लोग हैं। एक ओर राहुल गांधी की चाइनिस गारंटी है और दूसरी तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भारतीय गारंटी है।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने कहा कि संजयकाका को दिया हुआ एक- एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जाएगा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कोंकण रेलवे का विद्युतीकरण किया है, सिंधु-दुर्ग जिले से हवाई उड़ान शुरू हो गयी है, कोंकण से वंदे भारत का सफर शुरू हो गया है। **एनडीए सरकार ने काजू बोर्ड बनाकर काजू की खेती करने वाले किसानों के लिए बड़ा फैसला लिया है और रत्नागिरी के आम के लिए भी बोर्ड बनाने का काम भी जल्द किया जाएगा।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 11 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि दी, सिंधु दुर्ग में 3 लाख परिवारों को आयुषमान भारत फायदा मिला है, 84 हजार घरों में नल से जल पहुंचाया है। **मत्स्य पालन के लिए 121 रुपए की लागत से प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है।** श्री अमित शाह ने बताया कि **मोदी सरकार ने सरकारी चीनी मिलों पर इनकम टैक्स 15 हजार करोड़ रुपये माफ करने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी इथेनॉल की नीति लेकर आई, जिसके कारण आज 154 करोड़ लीटर इथेनॉल पेट्रोल में मिलाया जा रहा है, जिससे गन्ना किसानों को लाभ प्राप्त रहा है।** श्री नारायण राणे के मंत्रालय में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में विश्वकर्मा भाइयों के लिए 13 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू की गई विश्वकर्मा योजना के तहत गरीबों को 13 हजार करोड़ लोगों को लोन दिया जा रहा है। **अब विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का समय या गया है।**

माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास कोई प्रधानमंत्री का चेहरा नहीं है। **इंडी गठबंधन के एक नेता का कहना है कि सभी लोग बारी बारी से एक साल के लिए प्रधानमंत्री बन जाएंगे। लेकिन उन्हें यह समझना होगा कि इस तरह से देश नहीं चलता।** इस देश ने भ्रष्ट सरकारों का दर्द भोगा है। भारत का नेतृत्व करने के लिए एक पूर्ण बहुमत और मजबूत सरकार चाहिए। **23 साल तक राजनीति में रहने के बाद भी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के खिलाफ एक पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है।** 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले करने वाला इंडी गठबंधन देश को नहीं संभाल सकता है। गर्मी से डर कर थायलैंड में छुट्टी मनाने जाने वाले इस देश का नेतृत्व नहीं कर सकते। **इस देश को प्रथम स्थान पर कोई ले जा सकता है तो वह केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं**। शरद पवार जवाब दें कि जब 10 वर्षों तक वे यूपीए शासन में रसुखदार मंत्री थे तो उन्होंने महाराष्ट्र के विकास के लिए क्या किया था। **यूपीए शासन में 10 साल में महाराष्ट्र को केवल 1 लाख 91 हजार करोड़ रुपए दिए गए थे विकास के लिए लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 10 लाख 80 हजार करोड़ रुपए कर दिया।** महाराष्ट्र में आधारभूत संरचना के विकास की दृष्टि से कई काम किए गए हैं। श्री शाह ने जनता से अपील करते हूए कहा कि रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा उम्मीदवार श्री नारायण राणे को बहुमत से विजयी बनाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

*****************